जासूस बिंकी ब्रदर्स

जेम्स लॉरेंस

चित्र : लियोनार्ड केसलर

जासूस
बिंकी ब्रदर्स

जासूस

बिंकी ब्रदर्स

"उस पोस्टर में कुछ गड़बड़ है," अल्बर्ट बिंकी ने कहा.

"क्या तुम्हें सही तरह से लिखना भी नहीं आता है?"

"उससे क्या फर्क पड़ेगा?" डिंकी ने कहा.

"मेरा मतलब हर कोई समझ जाएगा."

डिंकी, अल्बर्ट का छोटा भाई था.

उनका असली नाम नॉर्बर्ट था.

लेकिन वो इतना छोटा था कि सभी
उसे डिंकी कहकर बुलाते थे.

डिंकी बिंकी.

"अब तुम क्या कर रहे हो?" अल्बर्ट ने पूछा.

"मैं अपना नाम लिख रहा हूँ," डिंकी ने कहा.

"देखो बड़ी अजीब बात है!" अल्बर्ट ने कहा.

"क्योंकि मैंने ही जासूसी की योजना बनाई
थी, इसलिए मेरा नाम पहले आना चाहिए.
तुम सिर्फ मेरे सहायक हो."

अल्बर्ट के बाल लाल थे,
इसलिए सभी उसे पिंकी कहते थे.

पिंकी बिंकी.

डिंकी ने अपना मुँह बनाया.

"तुम हमेशा बॉस बनना चाहते हो,"
डिंकी ने कहा.

"कोई बात नहीं," पिंकी ने कहा.

"माँ ने हमारे लिए नींबू-पानी बनाया है.

"अगर तुम बिक्री में मदद करना चाहते हो,
तो चलो."

"अच्छा इससे मुझे याद आया," डिंकी ने
कहा.

"क्या पैटी ऐन ने अपना कछुआ खोजने के
लिए हमें कुछ पैसे दिए?"

"ज़रूर," पिंकी ने कहा.

"मैं तुम्हें बताना भूल गया.
यह रहा तुम्हारा हिस्सा."

उसने डिंकी को पांच सेंट दिए.

"बाकी कहाँ है?" डिंकी ने पूछा.

पिंकी ने अपने छोटे भाई की तरफ देखा.

"उससे तुम्हारा मतलब क्या है?"

"ठीक है," डिंकी ने कहा, "तुमने पैट्सी एन को बताया था कि काम की कीमत बीस सेंट होगी. बीस का आधा दस होता है. उसके अलावा मैंने ही उसका कछुआ ढूंढा था."

"देखो," पिंकी ने कहा, "तुम सिर्फ मेरे सहायक हो. इसलिए, तुम्हें सिर्फ पाँच सेंट ही मिलेंगे."

नींबू-पानी

वो ज्यादा नींबू पानी नहीं बेच पाए.

अंत में, चब डूलिन आया.

"वो बहुत मोटा है!" पिंकी ने कहा.

"उससे हमें खूब धंधा मिलेगा!"

चब बहुत अधिक खाता था और
वो तीन बच्चों जितना नींबू-पानी
पी सकता था.

चब उनका कैचर था.

उनकी टीम, एल्म स्ट्रीट वाइल्डकैट्स के खिलाफ खेल रही थी.

"तुम्हें कैसे पता कि किसी ने तुम्हारा दस्ताना चुराया है?" पिंकी ने पूछा.

लेकिन आज चब कुछ परेशान दिख रहा था.

"किसी ने मेरे दस्ताने चुरा लिए हैं," उसने कहा.

यह बड़ी बुरी खबर थी.

लंच के बाद पिंकी को बेसबॉल का एक बड़ा मैच खेलना था.

"दस्ताना हमारे गैरेज में एक कील से लटका हुआ था," चब ने कहा.

"अब दस्ताना वहां नहीं है. उसकी बजाए कील पर यह नोट था."

फिर चब ने गुलाबी कागज का एक टुकड़ा निकाला.

हा-हा! मेरे पास
तुम्हारा दस्ताना है.
अब वाइल्डकैट टीम
तुम्हें हरा देगी.
अंदाज लगाओ
कौन?

पिंकी ने कहा, "कोई बात नहीं, चब."

"बस यह नोट तुम मेरे पास छोड़ जाओ.

मैं इस मामले की तुरंत तहकीकात करूंगा."

"ठीक है," चब ने कहा.

उसने चार नींबू-पानी पिए और फिर चला गया.

"अब हम क्या करें?" चब ने पूछा.

"मेरे पास एक दस्ताना है जिसका तुम उपयोग कर सकते हो," डिंकी ने कहा, "यदि तुम मुझे खेलने दो."

"क्या तुम मजाक कर रहे हो?" चब ने पूछा.

"तुम्हारा भाई बहुत ज़ोर से बेसबॉल फेंकता है.

मैं तुम्हारे पतले छोटे दस्ताने से उसकी फेंकी बेसबॉल को नहीं पकड़ सकता हूँ."

"तुम क्या करने जा रहे हो पिंकी?"
डिंकी ने पूछा.

"मैं कुछ भी जल्दबाज़ी में नहीं करूंगा,"
पिंकी ने कहा. "पहले मैं सोचूंगा."

फिर स्पाइक ब्राउन और जो पार्कर
नीबू-पानी के स्टैंड तक आए.

वे वाइल्डकैट्स थे.

वे अपनी दादागिरी दिखाना चाहते थे.

"हेलो, पिंकी," स्पाइक ने कहा.

"तुम्हारा "पिचिंग" खिलाड़ी कैसा है?"

"तुम्हें उसका जल्द ही पता चल जाएगा," पिंकी ने कहा.

"चिंता मत करो, पिंकी," जो ने कहा.

"अगर हम बहुत अधिक तेज़ हिट करते हैं, तो तुम अपने छोटे भाई को लिए पिच करने दे सकते हो."

वो सुनकर पिंक पागल हो गया.

"मैं शायद वही करूँ," उसने कहा.

"मुझे लगता है कि डिंकी भी तुम लोगों को हरा सकता है."

स्पाइक और जो हँसे. दोनों ने नींबू-पानी पिया.

"चब के बारे में चिंता मत करो," स्पाइक ने कहा.

"हम इस तरह से मारेंगे कि उसे शायद किसी दस्ताने की ज़रूरत ही नहीं पड़े."

स्पाइक ने भुगतान करने के लिए अपने पैसे निकाले.

तभी उसकी जेब से एक कागज़ गिरा.

वो गुलाबी रंग के कागज का एक टुकड़ा था.

डिंकी ने कुछ कहने के लिए अपना मुँह खोला.

लेकिन पिंकी ने उसके पैर को जोर से दबाया.

"चलो, जो," स्पाइक ने कहा.

डिंकी ने अपना पैर दबाया.

"क्यों क्या हुआ?" पिंकी ने पूछा.

"उससे मुझे चोट लगी," डिंकी ने कहा.

पिंकी ने कहा, ''तुम जासूस बनने जा रहे हो.''

"मुझे पता है," डिंकी ने कहा.

"मैं सिर्फ स्पाइक से पूछना चाहता था कि
उसे चब के दस्ताने के बारे में कैसे पता चला."

"हो सकता है कि उसने ही वो चुराया हो,"
पिंकी ने कहा.

"मुझे तो वैसा नहीं लगा?"

उसने कागज उठाया.

वो चब के नोट जैसा ही एक गुलाबी कागज
था!

"देखो मैं कहने जा रहा था?" पिंकी ने कहा.

"यह कागज़ एक सुराग हो सकता है."

टीम को यह बताना कि अब
हम आसानी से जीत सकते हैं.
तुम्हें पता है कि मैंने उसे घर
में कहाँ छिपाया है. जब तक
उनमें से एक बंदर नहीं होगा,
तब वे बेवकूफ उसे खोजने के
लिए पर्याप्त ऊंचाई तक नहीं
देखेंगे.

मेल.

"वाह!" पिंकी चिल्लाया.

"यह एक अच्छा सुराग है!"

मेल यानि मेल्विन क्रांत्ज़, वाइल्डकैट
टीम का एक खिलाड़ी था.

"इसका मतलब क्या है?" डिंकी ने पूछा.

"क्या तुम नहीं समझे?" पिंकी ने कहा.

"मेल ने ही चब का दस्ताना छिपाया है. अगर चब के पास कोई दस्ताना नहीं होगा, तो मैं ज़ोर से बेसबॉल फेंक नहीं पाऊंगा. तब दूसरी टीम खेल जीत जाएगी."

डिंकी का मुँह खुला-का-खुला रह गया.

वो चीजों को समझने की पुरजोर कोशिश कर रहा था.

"पर्याप्त ऊंचाई से उसका क्या मतलब हो सकता है?" डिंकी ने पूछा.

"क्या उसने दस्ताना अपनी अटारी में छिपाया होगा?"

"नहीं," पिंकी ने कहा.

"जिस घर में उसने उसे छिपाया है, उसमें अटारी है ही नहीं. वो सामान्य घर नहीं है."

"फिर वो किस तरह का घर है?" डिंकी ने पूछा.

पिंकी मुस्कुराया. "उस तरह का घर जिसमें एक बंदर चढ़ सके - एक पेड़ पर बना घर यानि 'ट्री-हाउस'."

"लेकिन," डिंकी ने कहा, "स्पाइक ने वो क्यों किया. . . ?"

पिंकी ने उसका वाक्य खत्म नहीं होने दिया.

उसने सिर्फ डिंकी की पीठ थपथपाई.

"उसे भूल जाओ," उसने कहा.

"तुम नीबू-पानी का स्टैंड सम्भालो. अभी मुझे कुछ काम करना है."

"ठीक है," डिंकी ने कहा.

"अगर हमें चब का दस्ताना मिल जाए, तो फिर क्या मैं आज खेल सकता हूँ?"

"दस्ताने से तुम्हारे खेलने का क्या लेना-देना?" पिंकी ने कहा.

फिर वो वाइल्डकैट ट्री-हाउस के लिए रवाना हुआ.

ट्री-हाउस, एल्म स्ट्रीट के पीछे जंगल में था.

एक सीढ़ी पेड़ से टिकी हुई थी.

पिंकी ने चारों ओर देखा.

उसे वहां कोई वाइल्डकैट्स दिखाई नहीं दिए.

पिंकी सीढ़ी पर चढ़ गया.

वो मन-ही-मन मुस्कुरा रहा था.

वाइल्डकैट्स को कितना आश्चर्य होगा!

नोट में कहा गया है कि चब और उसके दोस्तों को तब तक पता नहीं चलेगा जब तक कि उनमें से कोई बंदर न हो.

हा-हा, पिंकी ने सोचा.

आज मैं उन बुद्धिमानों को मूर्ख बनाऊँगा!

तभी उसे किसी की हंसी सुनाई दी.

पिंकी ने नीचे देखा.

वहां पर स्पाइक और जो थे!

उन्होंने सीढ़ी नीचे गिरा दी थी.

"तुम अब वहाँ ऊपर ही मज़े करो, बंदर!"
स्पाइक चिल्लाया.

फिर वे हंसते हुए भाग गए.

पिंकी वहीं बैठा रहा, वो खुद को बेवकूफ
महसूस कर रहा था.

पेड़ का तना नीचे सिरकने के लिए बहुत मोटा था.

पिंकी को मदद के लिए पुकारना अच्छा नहीं लगा. लेकिन वो और कर भी क्या सकता था?

फिर वो चिल्लाया. और चिल्लाया.

लेकिन उससे कोई फ़ायदा नहीं हुआ.

जंगल इतना घना था कि कोई भी उसकी आवाज़ नहीं सुन पाया.

मैं कितनी मुश्किल में फंस गया हूँ!
पिंकी ने सोचा.

उसके बिना, उनकी टीम, वाइल्डकैट्स
को कैसे हरा सकती थी?

अचानक एक आवाज़ आई, "अरे, पिंकी!"

डिंकी झाड़ियों के बीच से आ रहा था.

पिंकी को लगा कि वो उससे जाकर
लिपट जाए.

"डिंकी! मेरे लिए वो सीढ़ी ऊपर खड़ी कर दो."

"ज़रूर, पिंकी," उसके छोटे भाई ने कहा, "लेकिन उससे पहले हम कुछ बातें करेंगे."

"तुम्हारा मतलब है कि हमारे पास बात करने के लिए कुछ चीजें हैं?" पिंकी ने पूछा.

"जैसे चब का दस्ताना खोजने के बारे में," डिंकी ने कहा.

पिंकी अब तक दस्ताने के बारे में सब कुछ भूल चुका था.

"एक सेकंड रुको," उसने कहा.

"मैं यहाँ पर दस्ताना देखता हूं."

"चिंता मत करो," डिंकी ने कहा.

"मैंने दस्ताना पहले ही ढूंढ लिया है."

पिंकी ने अपने छोटे भाई को देखा.

"दस्ताना कहां था?" उसने पूछा.

"वो चब के गैरेज में एक कील से ही लटका था," डिंकी ने कहा.

"लेकिन चब ने हमें बताया था कि वो खो गया था," पिंकी ने कहा.

"वो खो गया था," डिंकी ने कहा.

"लेकिन मुझे पूरा यकीन था कि वाइल्डकैट्स उसे वापस रख देंगे. मेरा मतलब है कि तुम उनकी चाल में अच्छी तरह फंसे."

पिंकी को लगा कि उसका चेहरा लाल हो रहा था.

"तो वो नोट सिर्फ एक चाल थी?" उसने पूछा.

"हाँ," डिंकी ने कहा.

"मैंने तुम्हें बताने की कोशिश की थी, लेकिन तुमने मेरी एक नहीं सुनी."

"अब मैं सुन रहा हूँ," पिंकी ने कहा. "अच्छा अब मुझे बताओ."

"स्पाइक को चालाकी करना पसंद है," डिंकी ने कहा.

"उसने जानबूझकर वो नोट गिराया था. इसके अलावा, वो बंदर वाली बात एक मजाक थी."

"हे भगवान, मैंने इस तरह कभी नहीं सोचा था," पिंकी ने कहा.

"लेकिन मेरे जैसे एक अच्छे जासूस के लिए वो समझना आसान था," डिंकी ने कहा.

पिंकी वो कहना नहीं चाहता था
लेकिन उसने वो कहा.

"ठीक है," उसने कहा.

"तुम जीत गए. अब सीढ़ी लगाओ."

लेकिन डिंकी ने सिर हिला दिया.

"अभी नहीं, पिंकी.

हमारे पास अभी बात करने के लिए
कुछ चीज़ें बाकी हैं."

पिंकी ने अपने दाँत पीस लिए.

"तुम क्या चाहते हो?" उसने पूछा.

"क्या मैं भी आज बेसबॉल खेल
सकता हूं?" डिंकी ने पूछा.

"देखो डिंकी," पिंकी ने कहा.

"तुममें वाइल्डकैट्स के खिलाफ
खेलने की काबलियत नहीं हैं."

डिंकी पलट गया.

"पात्सी ऐन का कछुआ खोजने के लिए मुझे कितना मिलेगा?" उसने पूछा.

"हम दोनों उसमें भागीदार हैं," पिंकी ने कहा.

"चलो, हम आधा-आधा बांट लेंगे.

तुम्हें दस सेंट मिलेंगे."

डिंकी ने एक शब्द भी नहीं कहा.

वो वहां से दूर जाने लगा.

"ठीक है, ठीक है!" पिंकी चिल्लाया.

"अच्छा, तुम खेल सकते हो."

"बिल्कुल नहीं," डिंकी ने कहा.

"मुझे पूरे बीस सेंट चाहिए."

पिंकी को वो बात पसंद नहीं आई,
लेकिन उसे झुकना पड़ा.

डिंकी ने पिंकी को पैसे नीचे फेंकने
को मज़बूर किया.

फिर उसने सीढ़ी लगाई.

पिंकी अपने भाई पर बहुत गुस्सा था.

वो कैसा अजीब साथी है! उसने
सोचा.

लेकिन पेड़ पर सारा दिन बैठे रहने
से वो विकल्प अच्छा था.

इसलिए, पिंकी आखिर अपनी टीम के लिए बेसबॉल फेंकने में कामयाब रहा.

बेशक, उसने डिंकी को भी थोड़ी देर खेलने दिया.

पर उन्होंने किसी तरह वाइल्डकैट्स को हरा दिया.

बाद में पिंकी को एक और आश्चर्य दिखा.

"हेलो, पार्टनर!" डिंकी ने कहा.